## Headline

1. US: 'स्वागत करें, पर भारत को लेकर चिंताओं को भी सामने रखें', अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति बाइडन से की यह मांग
2. PM Modi US Visit: 'देश की सरकारों की बात मानना जरूरी', जैक डॉर्सी के भारत पर लगाए आरोप पर टेस्ला के CEO मस्क


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 342 | इंदौर, बुधवार 21 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


सीएम शिवराज का ऐलान

# मप्र में योग शिक्षा अनिवार्य होगी

## जबलपुर में उपराष्ट्रपति ने किए योगासन; कहा, योग का मूलमंत्र- हींग लगे, न फिटकरी, रंग चोखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर । वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग के ध्येय वाक्य को लेकर बुधवार को मध्यप्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम हुआ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'योग एक दिन का नहीं, हर दिन का है। संस्कारधानी जबलपुर के नर्मदा तट, भेड़ाघाट और बंदरकूदनी से योग को जीवन में अपनाने का आह्वान करता हूं।'**

उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हींग लगे, न फिटकरी और रंग चोखा आए, यही योग का मूलमंत्र है। योग किसी व्यक्ति मात्र के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इतने अधिक वोटों से और कम से कम समय में योग को अंतर्राष्ट्रीय रूप में स्वीकृति देना भारतीय नेतृत्व की दूरदृष्टि की स्वीकृति है। योग जीरो बजट वाला हेल्थ इश्योरेंस (बीमा) है।'



### जबलपुर के मुख्य कार्यक्रम में ये भी मौजूद

जबलपुर में केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल, केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, केंद्रीय महिला बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजूपरा, आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे, इंदर सिंह परमार भी मौजूद रहे।

जबलपुर के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'निरोग रहने के लिए योग करें। यह योग केवल योग दिवस के दिन नहीं करना, बल्कि रोजाना करना है। स्वस्थ रहना भी देश की सबसे बड़ी सेवा है। अस्पतालों में भीड़ क्यों लगाएं। योग करें, स्वस्थ रहें, मस्त रहें। योग जोड़ता है।' CM ने घोषणा करते हुए कहा, 'मध्यप्रदेश के विद्यालयों में योग की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी।'

जबलपुर में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा, 'आजकल के बच्चे पिज्जा खाते हैं, साथ में थम्सअप की बोतल पचाने के लिए रखते हैं। तैलीय पदार्थ और तीखा मत खाओ। योगा के साथ सात्विक खुराक भी आवश्यक है।' योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में हुआ।

आज देश भर के 180 देश में योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क में हैं। योग दिवस के कार्यक्रम शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन हुआ...

● भोपाल सांसद बोलीं

## योग निरोग का आधार

भोपाल के अटल पथ में हुए योग कार्यक्रम में पहुंचीं सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, '65 साल तक देश किसी को कुछ दे नहीं पाया, लेकिन जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन आया, तो सबसे पहले उन्होंने देशों को योग दिया। योग निरोग का आधार है। करो प्रयोग, रहोगे निरोग।' गृह और जेल मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने नई जेल में योग किया। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना होने से पहले वंद भारत ट्रेन में यात्रियों ने योग किया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, 'आजादी के बाद कांग्रेस ने वर्ग विशेष को योग से दूर रखने की साजिश की है। योग से दूर रखना सांस्कृतिक आतंकवाद है।'

### ग्वालियर में 80 खंभा बावड़ी में योग

ग्वालियर में सामूहिक योग कार्यक्रम ऐतिहासिक दुर्ग स्थित 80 खंभा बावड़ी परिसर में हुआ। मुगल शासन में यह मुगलकालीन जेल हुआ करती थी। सिखों के 6वें गुरु हरगोविंद सिंह को मुगलों ने यहीं कैद किया था। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर के हजीरा कांच मिल स्थित कम्युनिटी हॉल में योग किया। मंत्री ने कहा, 'योग हमें स्वस्थ रखता है, नियमित योग करने से हम निरोगी रहेंगे।' मुरार स्थित VRG कॉलेज में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने छात्र-छात्राओं के साथ योग किया।

## मंगलनाथ मंदिर में 1300 श्रद्धालुओं ने कराई भात पूजा

### मंदिर समिति को 2.50 लाख से अधिक आय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। मंगलवार को श्री मंगलनाथ मंदिर व श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में मंगल ग्रह की शांति के भात पूजा कराई गई। भात पूजा से मंदिर समिति को 3 लाख से अधिक की आय हुई है।



इस संबंध में जानकारी देते हुए मंगलनाथ मंदिर समिति के प्रशासक के.के.पाठक ने बताया कि 20 जून मंगलवार को श्री मंगलनाथ मंदिर पर भात पूजन की 1300 शासकीय रसीदें काटी गई, जिससे 2 लाख 54 हजार 150 रुपए एवं भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पर भात पूजन की 435 शासकीय रसीदे से 64 हजार 950 रुपए की आय हुई है। मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कालसर्प दोष,अंगारक दोष, चांडाल दोष,श्रापित दोष,कुंभ विवाह,अर्क विवाह आदि की पूजा कराई गई।

# उमा बोलीं-कांग्रेस ने पकड़ी इस्लामीकरण की राह

### गीता प्रेस को सम्मान के विरोध पर भाजपा ने खोला मोर्चा, गृहमंत्री ने कहा-इनका कल्चर इटालियन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने का विरोध कर कांग्रेस एक बार फिर भाजपा के निशाने पर आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा है कि कांग्रेस ने इस्लामीकरण और ईसाईकरण की राह पकड़ ली है। सीएम शिवराज सिंह चौहान बोले कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का विरोध है।

वहीं, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने कहा, ह्वराष्ट्रद्रोही चरित्र को पहचानिए।ह्ल गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भी कांग्रेस पर हमला बोला। इधर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने किया जयराम रमेश के बयान का समर्थन किया है। उन्होने कहा कि गीता प्रेस देश की सबसे पुरानी है। उस समय वे महात्मा गांधीजी के विचारों से सहमत नहीं थे, इसका उल्लेख जयराम रमेश ने किया है। अब गांधी पीस प्राइज उस संस्था को दिया जाए, जिसने गांधीजी की विचारधारा का विरोध किया हो तो ये तो ज्यूरी पर निर्भर करता है।

दरअसल, केंद्र सरकार ने 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को देने की घोषणा की है। इस पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को ट्वीट किया- केंद्र सरकार का यह फैसला सावरकर और नाथूराम गोडसे को सम्मान देने जैसा है।

### उमा ने कहा- गीता प्रेस के लिए ईसाई-मुसलमानों में भी सम्मान

उमा भारती ने ट्वीट किया, ह्वगीता प्रेस का भारतीय संस्कृति, हिंदुत्व एवं अध्यात्म में हमेशा अद्वितीय योगदान रहा। हिंदू समाज के सभी धर्मग्रंथ सरल, त्रुटिहीन एवं कम कीमत पर उपलब्ध कराए। उनका किसी विवाद से कभी सरोकार नहीं रहा। उनके योगदान के लिए नोबेल पुरस्कार भी कम पड़ेगा।

### शिवराज बोले- विरोध करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी-

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, ह्वगीता प्रेस को मिल रहे सम्मान का विरोध करने वालों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मैंने भी धार्मिक साहित्य का अध्ययन गीता प्रेस से प्रकाशित पुस्तकों को पढ़कर ही किया है।

गीता प्रेस से प्रकाशित गीता और अन्य धार्मिक पुस्तकों ने देश में अध्यात्म को बढ़ाया है। कांग्रेस का गीता प्रेस को सम्मान देने का विरोध देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। यह भारत की संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म का विरोध करना है।

# मूक-बधिर और नेत्रहीन मासूम को मिली आर्थिक सहायता

## कलेक्टर ने तत्काल की 10 हजार रुपए की मदद

### प्राइवेट लैब की महंगी जांच के रुपए भी लौटाएंगे

**इंदौर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में एक मासूम बच्ची के बारे में जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने उसके परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। जनसुनवाई में खजराना निवासी नरगिस पति इरशाद अपनी तीन साल की मासूम बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंची। उसकी नाक में नली लगी हुई थी। उसे बार-बार झटके आ रहे थे। महिला ने बताया कि बच्ची जन्म से रोई नहीं है। कुछ दिनों बाद पता चला कि वह सुन भी नहीं सकती और कभी पैदल चली भी नहीं। उसकी आंखों से दिखना भी बंद हो गया है। इस पर कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने तत्काल उसे रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से 10 हजार रुपए की सहायता उपलब्ध कराई।

नरगिस का पति मजदूरी करता है। एक बेटा 5 वर्ष का है, जबकि दूसरी तीन साल की बेटी अलबिसा है। उसने कलेक्टर को बच्ची की इलाज की फाइल बताई और कहा कि बचपन से ही उसे झटके आने की गंभीर बीमारी है और एमवाय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जन्म के दौरान बच्ची रोई नहीं थी। फिर कुछ दिनों बाद डॉक्टरों ने बताया कि वह बहरी है। धीरे-धीरे उसकी अन्य गतिविधियां भी सामान्य नहीं रही। वह चलने में भी अक्षम है और छह माह से बिस्तर पर ही है। चार माह से उसे दिखना भी बंद हो गया है। पहले उसे चार-छह माह में झटके आते थे, लेकिन अब रोज कई बार आते हैं। ठीक से खाती-पाती भी नहीं है।



डॉक्टरों का कहना है कि यह गंभीर बीमारी है तथा बहुत कम लोगों में पाई जाती है।

महिला ने बताया कि बच्ची का आयुष्मान कार्ड है और उसी के तहत इलाज हो रहा है। लेकिन कई जांच ऐसी है कि वह सरकारी अस्पतालों में नहीं होती और प्राइवेट लैब से करवानी पड़ रही है जो काफी महंगी हैं। हाल ही में करीब 20 हजार रुपए की जांच कराई गई, जबकि अभी और करवानी है। परिवार की आर्थिक हालत ठीक नहीं है। इस पर कलेक्टर ने तत्काल फोन पर डीन से बात की और जांच को लेकर स्थिति जानी। इसके साथ ही स्टाफ को कहा कि परिजन ने अभी तक जितनी भी जांच बाहर से करवाई है, उसकी जानकारी जुटाएं। प्रशासन वह राशि भी परिजन को देगा। इसके साथ ही रेड क्रॉस सोसाइटी को कहा कि वे डॉक्टरों से समन्वय कर जानकारी लें। बच्ची के इलाज में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

#### ● बिल्डरों पर सख्ती

जनसुनवाई में वात्सल्य ग्रुप के खिलाफ भी पीड़ितों ने शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने मौके पर ही ग्रुप के कर्ताधर्ता से बात की। मामले में कलेक्टर ने बताया कि इस मामले में दो बार मीटिंग हो चुकी है। मामला पांच कॉलोनियां के डेवलपमेंट व समय सीमा का है। कई लोगों को अभी भी प्लाट के कब्जे नहीं मिले और रजिस्ट्री नहीं की गई। मामले में संबंधितों को सख्ती से कहा गया है। अब अगर वे निर्धारित प्रक्रिया नहीं करते तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### ● कलेक्टर ने इनका भी रखा पूरा ध्यान

जनसुनवाई में होनहार एक छात्र जो टॉपर रहा उसके परिवार की आर्थिक स्थिति और किराए के मकान की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने उक्त छात्र व उसके पिता को बुलाया है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसे ही जरूरतमंद छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध करवाई गई। खास बात यह कि जनसुनवाई में भीड़ के मद्देनजर बाहर खड़े लोगों के लिए कलेक्टर ने कुर्सियों के साथ चाय का इंतजाम भी करवाया।

# 600 नागरिक मथुरा यात्रा पर रवाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार शाम को भगवान श्री कृष्ण की जय जयकार के साथ 600 श्रद्धालुओं का समूह मथुरा वृंदावन की यात्रा पर रवाना हुआ। विधायक संजय शुक्ला के द्वारा आयोजित अयोध्या यात्रा की अपार सफलता के बाद अब मथुरा वृंदावन की यात्रा का सिलसिला आज से शुरू किया गया है। वार्ड क्रमांक 11 के 600 नागरिक मथुरा वृंदावन यात्रा पर रवाना हुए। यह सभी नागरिक भागीरथपुरा में पुलिस चौकी के सामने स्थित माता मंदिर पर एकत्र हुए। मंदिर पर पूजा अर्चना करने के पश्चात इन सभी यात्रियों को शोभायात्रा पूर्वक रेलवे स्टेशन ले जाया गया। इस शोभा यात्रा का क्षेत्र के नागरिकों ने फूल बरसा कर स्वागत किया। रेलवे स्टेशन से निजामुद्दीन एक्सप्रेस से यह सभी यात्री मथुरा-वृंदावन की यात्रा पर रवाना हुए। इन यात्रियों के साथ विधायक संजय शुक्ला भी रवाना हुए है ।

# सरकार नहीं बता सकी, क्यों सार्वजनिक नहीं की मंदसौर गोलीकांड की जांच रिपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सरकार मंगलवार को हाई कोर्ट में नहीं बता सकी कि वर्ष 2017 में हुए मंदसौर गोलीकांड की जांच रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई। शासन को इस बारे में चल रही जनहित याचिका में जवाब देना था। सरकारी वकील ने आश्वासन दिया कि मंगलवार को ही जवाब प्रस्तुत कर दिया जाएगा, लेकिन शाम तक यह रिकार्ड में नहीं आया। मामले में अब अगले सप्ताह सुनवाई होगी। याचिका में अब विधानसभा सचिवालय प्रमुख सचिव पक्षकार नहीं होंगे।**

किसान आंदोलन के दौरान 6 जून 2017 को मंदसौर में हुए गोलीकांड में पांच किसानों की मौत हो गई थी। मामले की जांच के लिए सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके जैन की अध्यक्षता में जैन आयोग गठित किया था। आयोग ने अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की। सभी पक्षों के बयान लिए और अपनी रिपोर्ट तैयार की। 13 जून 2018 को आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत भी कर दी थी।

जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के अनुसार जांच आयोग की रिपोर्ट तथा इस रिपोर्ट की अनुशंसा अनुसार की गई कार्रवाई छह माह के भीतर विधानसभा में प्रस्तुत करनी थी, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसे लेकर पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने एडवोकेट प्रत्युष मिश्रा के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है। पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने शासन से पूछा था कि वह बताए कि रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई?

#### ● यह है मामला

किसान आंदोलन के दौरान 6 जून 2017 को मंदसौर में हुए गोलीकांड में 5 किसानों की मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच के लिए सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके जैन की अध्यक्षता में 'जैन आयोग' गठित किया था। आयोग ने अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की। सभी पक्षों के बयान लिए। इसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। 13 जून 2018 को आयोग ने अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत भी कर दी थी।

जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के अनुसार जांच आयोग की रिपोर्ट तथा इस रिपोर्ट की अनुशंसा अनुसार की गई कार्रवाई 6 माह के भीतर विधानसभा में प्रस्तुत करना थी लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसी मुद्दे को लेकर जनहित याचिका दायर है।

## कटाक्ष




# उद्यमी महिलाओं को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग के क्षेत्र में निरंतर अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। खास बात यह है कि एमएसएमई द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने, उनकी दक्षता और काबिलीयत को सामने लाने के प्रयास भी लगातार जारी हैं। शहर की दो महिलाओं श्रीमती शिखा विशाल जायसवाल व श्रीमती निहारिका अजय जायसवाल का चयन राज्य स्तरीय एमएसएमई पुरस्कार, 2020-21 की विशिष्ट श्रेणी, महिला उद्यमशीलता हेतु किया गया। भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023 के अंतर्गत होटल आमेर ग्रीन, होशंगाबाद रोड, में आयोजित उद्घाटन समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई। मुख्यमंत्री, एमएसएमई मंत्री ओम प्रकाश सकलेचा जी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय जी व एमएसएमई सचिव श्री पी नरहरी जी ने पुरस्कार वितरण किया। यह पुरस्कार साईं मशीन टूल्स के निदेशक गण श्रीमती शिखा विशाल जायसवाल , विशाल अशोक जायसवाल, श्रीमती निहारिका अजय जायसवाल एवम अजय अशोक जायसवाल ग्रहण किया। पुरस्कार के तहत 25,000 रुपये की राशि भी प्रदान की गई।

## हज यात्रा के अंतिम फ्लाइट में तिरंगा भेंटकर हाजियों को विदा किया

**इंदौर।** पिछले कई दिनों से इंदौर से सीधे हज यात्रा के लिए जाने का सिलसिला चल रहा था। सैकड़ो लोग पवित्र हज यात्रा 2023 के लिए इंदौर से जिद्दा (मक्का) के लिए रवाना हुए। आज पवित्र हज यात्रा की इंदौर से अंतिम फ्लाइट में करीब 165 हज यात्री मुंबई होते हुए जिद्दा के लिए रवाना हुए। इंदौर विमानतल पर परिजनों ने नम आंखों से उन्हें विदा किया। इंदौर से जाने वाली आखरी फ्लाइट से जाने वाले हज यात्रियों का हज कमेटी द्वारा हिंदुस्तान की आन बान और शान का प्रतीक तिरंगा झंडा भेंटकर उन्हें विदा किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश हज कमेटी के सदस्य हैदर अली महूवाला, शिया बोहरा समाज के प्रवक्ता जौहर मानपुरवाला, हज कमेटी के डॉक्टर रियाज पटेल, जिया भाई, डॉक्टर मजीद खान,सद्दाम पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# मानसून की गतिशीलता बढ़ने पर खरीफ फसल की बिजाई बढ़ने की उम्मीद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मानसून की गतिशीलता बढ़ने पर खरीफ फसल की बिजाई की गति तेज होने की उम्मीद है। चालू वर्ष के दौरान खरीफ फसल की बिजाई उत्साहवर्धक ढंग से आरंभ नहीं हो पाई क्योंकि एक तो दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में एक सप्ताह की देरी और दूसरे तरफ इसकी गतिशीलता भी कमजोर रही। देश के अधिकांश भागों में यह सही समय पर शायद नहीं पहुंच पाएगा।

वैसे मौसम विभाग को उम्मीद है कि जल्दी ही मानसून की रफ्तार, तीव्रता एवं सघनता में इजाफा होगा और खरीफ फसलों की बिजाई की गति बढ़ जाएगी। बिजाई की अब तक की धीमी रफ्तार से यह चिंता उत्पन्न होने लगी कि इस बार कुल मिलाकर कई फसलों की खेती पिछड़ जाएगी या इसकी बिजाई का अभियान नियत आदर्श समयावधि से आगे भी चलता रह सकता है। ऐसे में फसलों की औसत उपज दर प्रभावित होने की आशंका है। 16 जून तक गन्ना को छोड़कर अन्य खरीफ फसलों का कुल उत्पादन क्षेत्र 49.30 लाख हेक्टेयर पर पहुंच सका, जो पिछले साल से कुछ अधिक है। मुख्यतः बाजरा के रकबे में अच्छी बढ़ोत्तरी हुई है जबकि कई फसलों का क्षेत्रफल पिछले वर्ष से पीछे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश 1-16 जून के दौरान सामान्य स्तर से 47 प्रतिशत कम हुई और देश के विभिन्न भागों में बारिश की सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। वहां मानसून अभी नहीं पहुंचा है जबकि इसे पहले ही पहुंच जाना चाहिए था लेकिन अच्छी खबर यह है कि मौसम विभाग ने 20 जून से मानसून की हालत में काफी सुधार आने का अनुमान व्यक्त किया है। यदि यह अनुमान सही साबित होता है तो खासकर धान एवं कपास तथा दलहन-तिलहन फसलों के बिजाई क्षेत्र में बढ़ोत्तरी होने लगेगी। उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन के दौरान दलहन-तिलहन फसलों के संवर्ग में तुवर, मूंग, सोयाबीन तथा मूंगफली आदि खेती बड़े पैमाने पर होती है।

## कांग्रेस की आवश्यक बैठक 22 को

**इंदौर**। इंदौर शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महेंद्र जोशी एवं सदाशिव यादव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि,मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर पूरे प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर 24 जून को भाजपा सरकार के खिलाफ एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर 22 जून को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। साथ ही बैठक के इंदौर नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा कॉलोनियों के रेट जोन में बदलाव वापस नहीं होने से 531 कॉलोनियों पर इस रेट जोन में बदलाव का असर आर्थिक रूप से पड़ रहा है। इन कॉलोनियों के रहवासियों के संपत्ति कर में 63 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। इसके विरोध में महापौर का घेराव के संबंध में भी बैठक में चर्चा की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, विधायक, पूर्व विधायकगण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण, मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण,पार्षद,पार्षद प्रत्याशी, मंडलम अध्यक्षगण, सेक्टर प्रभारी एवं समस्त पदाधिकारी गण को आमंत्रित किया गया है।

## केंद्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों पर करेंगे चर्चा, उपलब्धियों के पत्रक करेंगे वितरित

● घर घर सम्पर्क के लिए इंदौर के नेताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश में 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चल रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में 20 से 30 जून तक प्रदेश के 65 हजार 100 बूथों पर 10 दिन घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। पार्टी नेता बूथों पर पहुंचकर घर-घर संपर्क कर भाजपा सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल की हुजुर विधानसभा के बूथ क्रमांक 45, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा भोपाल उत्तर विधानसभा के बूथ क्रमांक 126 और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद भोपाल मध्य विधानसभा के बूथ क्रमांक 180 में कार्यकतार्ओं के साथ घर-घर संपर्क करेंगे।



### शिवराज बोले- कमलनाथ की चक्की ने जनता को पीसा:कहा-

# इसीलिए सवा साल में बाहर हो गए, विजयवर्गीय का तंज- दो बेचारे, बिना सहारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अधिकारियों को देख लेने वाले बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जो मध्यप्रदेश के सीएम रहे हों, उन्हें ऐसी घटिया भाषा बोलना शोभा नहीं देता। कल के बाद परसों आता है..., मैं देख लूंगा..., चक्की पीसती है...। तुम्हारी चक्की ने जनता को पीसा, इसीलिए सवा साल में बाहर हो गए। अधिकारी-कर्मचारी भी इंसान हैं। क्या उनको बेइज्जत किया जाएगा, उन्हें डराने-धमकाने की भाषा बोली जाएगी। कौन से युग में जी रहे कमलनाथ।**

मुख्यमंत्री मंगलवार को भोपाल में पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। उन्होंने हुजूर विधानसभा के बूथ- 45 पर जैन नगर में स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा और कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया। उट ने कहा, ह्यमोदी जी के 9 साल बेमिसाल हैं। इन 9 साल में देश और जनता की जिंदगी बदली है।

### विजयवर्गीय का दिग्विजय-कमलनाथ पर तंज

उज्जैन में संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कमलनाथ के बयान पर तंज कसा। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए बोले, ह्यउन्होंने (कमलनाथ) इसी प्रकार की राजनीति की है- धौंस की, कपट की...। यही राजनीति वे अभी भी कर रहे हैं। 75 साल की उम्र में वे इस प्रकार का बयान देते हैं, तो उन्हें माफ कर देना चाहिए। विक्टोरिया नंबर 203 पिक्चर थी एक। इसमें दो इसी उम्र के लोग घूमते थे, जिनके पास ताला था, चाबी नहीं थी, चाबी थी, ताला नहीं था। ऐसे ये भी घूम रहे हैं। दो बेचारे, बिना सहारे।

### नरोत्तम मिश्रा बोले, मिक्सर के जमाने में चक्की की बात कर रहे कमलनाथ

नरोत्तम मिश्रा ने कहा, कर्मचारियों - पुलिस की वर्दी पर टिप्पणी करना मैं ठीक नहीं समझता। उनको यह शोभा नहीं देता। यह जो खिसियाहट है कि हमारी चक्की बारीक पीसती है। कमलनाथ जी अब मिक्सर का जमाना आ गया। आप अभी चक्की पर ही अटके हो। चक्की के दोनों पाट टूट गए।

# छात्रा पर गोली चलाने वाला भाजपा नेता चौकी में रोया

● बोला- पिस्टल की पिन खराब थी, गोली कब चल गई, पता ही नहीं चला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। छात्रा को गोली मारने के आरोपी भाजपा नेता पुलिस के सामने खूब रोया। उसने पुलिस पूछताछ में कहा कि पिस्टल की फायरिंग पिन खराब थी। गोली कब चल गई, पता ही नहीं चला। पुलिस का कहना है कि फायरिंग देसी पिस्टल से हुई है। इसका लाइसेंस नहीं है। आरोपी से अभी पूछताछ जारी है।**

पुलिस का यह भी दावा है कि आरोपी की गिरफ्तारी अंधमूक बायपास से की गई है, लेकिन जानकारी यह है कि आरोपी ने सोमवार दोपहर संजीवनी नगर पुलिस चौकी में सरेंडर किया है। सरेंडर करने वह भाजपा का झंडा लगी स्कॉर्पियो से पहुंचा था। इस समय उसके दोस्त भी साथ थे।

छात्रा वेदिका राठौर की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। गोली अभी भी उसकी पीठ में फंसी है। बेटी की हालत देखकर उसकी मां की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वेदिका और भाजपा नेता प्रियांश विश्वकर्मा दोस्त हैं। छात्रा, भाजपा नेता के ऑफिस में थी, तभी उसे गोली लगी। घटना शुक्रवार दोपहर 1 बजे की है।

### आरोपी ने घटना के बाद ऑफिस की सफाई कराई

घटना छिपाने के लिए आरोपी ने ऑफिस की सफाई की। घायल छात्रा को कार में लेकर 5 घंटे तक घूमता रहा। बाद में अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया था। संजीवनी नगर थाना क्षेत्र स्थित धनवंतरि चौकी के पास प्रियांश विश्वकर्मा का दफ्तर है। वह पेशे से रेत कारोबारी है। जमीन खरीदी-बिक्री का काम भी करता है।

# रिटायर्ड टीचर से धोखाधड़ी, महिला को दो वर्ष कैद

● अपने बच्चों के नाम जमीन की, फिर इसे 16 लाख रु. में टीचर को बेच दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** शहर के एक रिटायर्ड सरकारी टीचर के साथ जमीन की धोखाधड़ी की आरोपी महिला को कोर्ट ने सजा सुनाई है। महिला ने रिटायर्ड टीचर को एक जमीन बेंची। जब वह जमीन का नामांतरण कराने तहसील गए तो उन्हें पता चला कि महिला ने उन्हें जमीन बेचने के 15 दिन पहले ही उसी जमीन की रजिस्ट्री अपने दोनों बेटों के नाम करा दी है। महिला ने उनसे 16 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट ने महिला को 2 वर्ष की सजा सुनाई। मामले में फैसला पंचम अपर सत्र न्यायाधीश अकबर शेख की अदालत ने सुनाया। वहीं शासन की ओर से पैरवी राकेश व्यास ने की।

मामला वर्ष 2017 का है। शहर के लूसन की बगीचे में रहने वाले रिटायर्ड टीचर नाथूसिंह चौहान(70) ने आरोन थाने में शिकायत दर्ज कराई।

विक्रय पत्र के पश्चात आवेदक ने उक्त भूमि का नामांतरण करने तहसील आरोन में आदेवदन दिया, तो पता चला उस भूमि की रजिस्ट्री के 13 दिन पहले 4 नवंबर 2015 को ब्रजमोहन व उसकी पत्नि शीलावती ने मिलकर बाला-बाला अपने दोनों बेटों विश्वनाथ, शिवप्रताप के हित में तहसील आरोन में बंटवारा कराके उनके नाम करा दी है। उसी दौरान 17 नवंबर 2015 को ब्रजमोहन व शीलावती ने षडयंत्र पूर्वक मुझसे 16 लाख रुपये प्राप्त कर मेरे नाम से रजिस्ट्री करवाकर मेरे साथ धोखाधड़ी कर रुपये हडप लिए है।

रिटायर्ड टीचर नाथूसिंह की शिकायत पर आरोन पुलिस ने महिला शीलावती, उसके पति बृजमोहन यादव के खिलाफ धोखाधड़ी सहित आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में मामला दर्ज किया। जांच के दौरान इसमे दो आरोपी और बढ़ाये गए, जो रजिस्ट्री कराते समय गवाह थे। उसके दोनों बेटे शिवप्रताप और विश्वनाथ को भी आरोपी बनाया गया। जांच के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने महिला शीलावती को दोषी माना। वहीं उसके पति और दोनों बेटों को निर्दोष पाया। कोर्ट ने तीनों को बरी कर दिया। वहीं शीलावती को दो वर्ष कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# बस और कंटेनर में भिड़ंत, 3 की मौत, पांच घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह में यात्री बस और कंटेनर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं। दो गंभीर घायलों को जबलपुर रेफर किया गया है। हादसा मंगलवार सुबह तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले झालोन गांव के पास सागर-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सुबह करीब 7 बजे हुआ। मृतकों में बस ड्राइवर, क्लीनर और एक महिला यात्री शामिल है। बस जबलपुर से सागर की ओर जा रही थी। कंटेनर सागर से जबलपुर जा रहा था। जुनून गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर कंटेनर बस ड्राइवर के साइड वाले हिस्से में जाकर घुस गया। हादसे में बस ड्राइवर प्रेम सिंह, क्लीनर प्रताप और महिला यात्री रीता चौकसे की जान चली गई। महिला जबलपुर की रहने वाली थी। रीता के पति राजेश चौकसे और कंटेनर चालक रिंकू गोयल गंभीर घायल हैं। तीन यात्रियों को तेंदूखेड़ा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बागेश्वर धाम मंदिर की परिक्रमा मार्ग से कट्टे सहित वर्ग विशेष का युवक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम मंदिर की परिक्रमा मार्ग के पास से कट्टे सहित एक वर्ग विशेष के युवक गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को लेकर शक है कि वह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आया था। हालांकि पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई है। युवक का नाम रज्जन खान बताया जा रहा है, जो शिवपुरी जिले का निवासी है। घटनाक्रम के मुताबिक बागेश्वर धाम के परिक्रमा मार्ग के पास एक युवक लोगों को संदिग्ध लगा। ऐसे में लोगों ने पुलिस को इस बात की सूचना दी। पुलिस ने युवक को दबोचकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रज्जन खान निवासी बताया। बताया जाता है कि आरोपित गढा गांव के पास हाइवे पर उतरा था और तभी पुलिस आ गई थी। पुलिस को देखकर वह बागेश्वरधाम की ओर भागा। लेकिन पुलिस ने उसे परिक्रमा मार्ग के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है।

**इसलिए मामला हुआ गंभीर-** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री हमेशा हिंदू राष्ट्र बनाने के बायानों को लेकर चर्चा में रहते हैं और उन्होंने कई लोगों की हिंदू धर्म में वापसी भी कराई है। इसलिए लोग आशंका जता रहे हैं कि कहीं युवक धीरेंद्र शास्त्री पर हमला करने तो नहीं आया था। हालांकि अभी पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

# फर्जी तरीके से सौदा चिट्ठी करने वाले मां बेटे को 3-3 साल की सजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** पंधाना के मां और बेटे पर फर्जी तरीके से सौदा चिट्ठी करने के मामले में 3- 3 साल की सजा हुई है। ये साई कॉलोनी पंधाना के रहवासी हैं। एक प्लांट में काम करने वाले व्यक्ति से जरूरत के हिसाब से किस्तों में पैसा लेते रहे, और बाद में रजिस्ट्री करने से इंकार कर दिया। कई तरह से उसे धमकाया भी गया। अदालत में यह साबित हो गया कि, मां बेटे उस व्यक्ति से चार सौ बीसी कर रहे हैं।

न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी जगत प्रताप अटल ने अभियुक्त आशीष पिता जगदीश राठौर, तथा दमयन्ती राठौर पति जगदीश राठौर, दोनों निवासी साई कॉलोनी पंधाना जिला खण्डवा को धारा 420 में यह सजा सुनाई।

फरियादी संतोष कुमार झा ने थाना मोघट रोड़ खंडवा में शिकायत की थी। वह पंधाना प्लांट में काम करता है। उसके साथ पंधाना निवासी आशीष राठोड पिछले 10 वर्षों से काम कर रहा है। आशीष राठोड एवं उसकी मां दमयंती राठोड़ उसके घर खंडवा दिनदयालपुरम में वर्ष 2015 अप्रैल में कई बार आए। और कहा हमें पैसे की जरूरत है, आप मेरी जमीन जो पंधाना में स्थित है ले लो। अभियुक्त की जमीन 1.849 हेक्टेयर का सौदा कुल 12 लाख में किया। समय-समय पर थोड़ा थोड़ा करके रूपया उसके निवास दिनदयालपुरम में देते गया। पहले 100 रुपए के स्टॉम्प पर सौदा चिठ्ठी किया था।

# बैंक में नकली गोल्ड के बदले 4 करोड़ का लोन

## 50 लोगों के नाम पर लाखों का लोन पास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। शाजापुर जिले में गोल्ड लोन के नाम पर 4 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला सामने आया है। मामला बैंक ऑफ इंडिया की ग्राम नैनावद की शाखा से जुड़ा है। यहां पर नकली गोल्ड गिरवी रखकर कई लोगों के नाम पर लोन ले लिया गया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने फसल बेची और बैंक ने उसकी रकम लोन रिकवरी के लिए जब्त कर ली।**

कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनके पास बैंक से लोन की रकम चुकाने के कॉल पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों को धोखाधड़ी का अहसास हुआ। ग्रामीण सबसे पहले पुलिस के पास गए, वहां उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। जब कई दिन बाद भी कोई कार्रवाई होती नहीं दिखी तो वे कलेक्टर-एसपी से फरियाद लगाने पहुंचे।

### ग्राहकों से सिग्नेचर कराकर एक वाउचर ले लिया गया

मामला मक्सी थानांतर्गत ग्राम नैनावद का है। यहां स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में गोल्ड लोन के नाम जिसमें ग्रामीणों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। नकली सोना रखकर इनके नाम से गोल्ड लोन लिया गया। बैंक से गोल्ड लोन देने के मामले में बैंक प्रबंधन और वैल्यूअर की भूमिका सामने आ रही है। तीनों ने मिलकर ग्राहकों को बताया कि बैंक को गोल्ड लोन के लिए टारगेट मिला है, जिसे पूरा करना है। सोना भी हमारा होगा केवल आपके नाम से उसे रखा जाएगा। उसके एवज में बैंक आपको किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य मामलों में मदद करेगी।

बैंक प्रबंधन और वैल्यूअर ने ग्राहकों से सिग्नेचर करा लिए। इस दौरान उनसे एक वाउचर ले लिया गया। ऐसे 30 से ज्यादा ग्राहकों के नाम से नकली सोना रखकर 4 करोड़ से ज्यादा की रकम निकाल ली गई। गोल्ड लोन खत्म नहीं हुआ और बहाने बनाए जाने लगे तो ग्राहकों ने बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों, कलेक्टर, एसपी और पुलिस को शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत के बाद बैंक का एक कर्मचारी और वैल्यूअर गायब हो गया।

### 30 से अधिक पीड़ित आए सामने

गोल्ड लोन धोखाधड़ी में अभी तक 30 से अधिक पीड़ित सामने आए हैं। गोल्ड लोन के नाम पर जो धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, उनमें राहुल सिंह, अर्जुन सिंह, हुकुम सिंह, ईश्वर सिंह, विजेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, बने सिंह, राजवर्धन सिंह, दीपसिंह, अमरसिंह, भगवान सिंह, हरी सिंह, माधुसिंह, शारदाबाई, हरि सिंह, नंदकिशोर, राजाराम, कमल सिंह, शेर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, हाकम सिंह, लक्ष्मण सिंह, कुलदीप, कैलाश बाई, लाड़सिंह, तोलाराम आदि शामिल हैं।

MORARI BAPU



**धर्म को यदि समझना है तो संकीर्णता से मुक्त होना पड़ेगा। बंद दिमाग से हम धर्म को न जान पाएंगे न समझ पाएंगे। हमें व्यापक होना होगा।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### बूबली जॉर्ज वर्गीज़



(जन्मः 21 जून, 1927 बर्मा) एक वरिष्ठ भारतीय पत्रकार हैं जो अग्रणी समाचार पत्र हिंदुस्तान टाइम्स (1969-1975) और इंडियन एक्सप्रेस (1982-1986) के सम्पादक रहे। आमतौर पर इन्हें बी जी वर्गीज़ के रूप में जाना जाता है। सन 1975 में इनको पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्गीज़ ने अपने कैरियर की शुरुआत 'दि टाइम्स ऑफ़ इंडिया' समाचार पत्र से की। वर्गीज़ 1966-69 के दौरान भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जानकारी सलाहकार और उसके भाषणों के लेखक रहे। बाद में, वह संपादक के रूप में 'हिंदुस्तान टाइम्स' में शामिल हो गए, लेकिन वह इंदिरा गांधी की आलोचना करने की वजह से अपने पद से हटाये गये। नागरिक अधिकारों के लिए एक योद्धा, वर्गीज़ ने लंबे समय से विकास की समस्याओं पर काम किया है।

## संपादकीय

### लू से भय का माहौल

त्रासद स्थिति तब हो जाती है, जब लू लगने के बाद लोग अस्पताल पहुंचें और वहां उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध न हो सके। सरकारी अस्पतालों की हालत किसी से छिपी नहीं है। जब सामान्य दिनों में उनके पास रोगों के लक्षण जांचने, उनका उपचार उपलब्ध कराने की जरूरी व्यवस्था नहीं होती, तो जिस मौसम में बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है, वहां क्या हाल होता होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के बलिया में जिला अस्पताल में लू लगने से करीब छप्पन लोगों की मौत और अनेक के गंभीर रूप से बीमार हो जाने की खबर ने भय का माहौल बना दिया है। हालांकि अस्पताल प्रशासन का कहना है कि लू लगने की वजह से केवल दो लोगों की मौत हुई, बाकी लोगों की मौत की वजह दूसरी हैं। मगर इससे इस तथ्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि जिन लोगों में पहले से मधुमेह, हृदय संबंधी परेशानी आदि हो, उन्हें अगर लू लग जाए, तो उनकी तकलीफ बढ़ जाती है। इसका समय रहते उपचार न हो पाए तो वह जानलेवा साबित होता है। लू लगने से न केवल निर्जलीकरण खतरनाक साबित होता है, बल्कि तंत्रिका तंत्र को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर देता है। इसलिए अस्पताल प्रशासन छोटी-मोटी तकनीकी वजहों का हवाला देकर इस अव्यवस्था पर परदा नहीं डाल सकता। कुदरत के मिजाज को एकदम से बदलना किसी के वश की बात नहीं होती। वह केवल उससे बचाव के उपायों पर अमल कर सकता है। ऐसा भी नहीं कहा जा सकता कि लू से बचाव के तरीके ग्रामीण लोगों को नहीं पता होते। मगर इस मौसम में उन्हें काम की वजह से बाहर निकलना मजबूरी हो जाती है, तभी वे लू आदि की चपेट में आ जाते हैं। शादी-विवाह में शामिल होने, खेती-किसानी के काम या फिर किसी व्यावसायिक वजहों से उन्हें इस तपती गरमी में भी घर से बाहर निकलना ही पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में लू की मार इसलिए भी अधिक पड़ती है कि वहां खुला इलाका होता है। वे इससे बचाव के भी यथासंभव उपाय करते ही हैं। मगर गांवों में ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जिन्हें पेड़ों के नीचे दिन गुजारना पड़ता है। जिनके पास पक्की छतें हैं, उनके घरों में बिजली की समुचित आपूर्ति न हो पाने से उन्हें पंखे तक की हवा नसीब नहीं हो पाती।

### अर्ज़ किया है..!

*ठोकर किसी पत्थर से*
*अगर खाई है मैं ने*
*मंज़िल का निशाँ भी*
*उसी पत्थर से मिला है*

*-बिस्मिल सईदी*

## ज्ञान-विज्ञान

# बृहस्पति ग्रह पर भयानक हीटवेव, 2400 डिग्री तापमान पर अपने ही पड़ोसी ग्रहों को खा गया 'नया ज्यूपिटर'



फ्लोरिडा: वैज्ञानिकों ने बृहस्पति के आकार के एक्सोप्लेनैट WASP-76 b पर अध्ययन किया है। इससे उन्हें पता लगा है कि दुनिया में लंबे समय से खोए हुए इस ग्रह के अवशेष वातावरण में मौजूद हैं। धरती पर 45 डिग्री तापमान पर हीट वेव की चेतावनी दी जाती है और इंसानों के लिए इससे बच पाना भी मुश्किल हो जाता है। लेकिन धरती से अलग कुछ ग्रहों पर इतना तापमान होता है कि सोचते ही आपकी रूह कांप जाए। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने कुछ ऐसे ग्रहों का गहन अध्ययन किया है जिन पर 2400 डिग्री के आसपास तापमान बना रहता है। वैज्ञानिकों की टीम ने ऐसे 11 रासायनिक तत्वों का तलाशा है जो इन ग्रहों के पर्यावरण पर होते हैं। साथ ही इनकी मात्रा भी मापी गई है।

### चट्टानों का निर्माण करने वाले तत्व

वैज्ञानिकों के मुताबिक सबसे दिलचस्प बात है कि दूर के ग्रह पर मौजूद ये तत्व जिनसे चट्टानों का भी निर्माण होता है, उन्हें अभी तक सौर मंडल के गैस से भरे ग्रहों शनि और बृहस्पति में नहीं मापा गया है। वैज्ञानिकों की टीम को लीड करने वाले और यूनिवर्सिटी डी मॉन्ट्रियल ट्रॉटियर इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च ऑन एक्सोप्लैनेट्स से जुड़े पीएच.डी. स्टीफन पेलेटियर ने कहा यह बात बहुत असाधारण है कि एक एक्सप्लानेट सैंकड़ों प्रकाश वर्ष दूर है। यह हमें कुछ ऐसी बातें बता सकता है जो सोलर सिस्टम के बारे में बिल्कुल असंभव सी लगती हैं। उन्होंने इसे एक अध्ययन का विषय बताया है।

### ग्रहों का अविश्वसनीय तापमान

वैज्ञानिकों के मुताबिक मीन नक्षत्र में करीब 634 प्रकाश वर्ष दूर स्थित, WASP-76 b का एक अजीब ग्रह अपने मूल तारे के करीब होने से अविश्वसनीय तापमान हासिल करता है। वैज्ञानिकों ने इसे 'अल्ट्रा-हॉट ज्यूपिटर' के तौर पर करार दिया है। यह एक विशाल ग्रह है जो अपने तारे के करीब मौजूद है और यह काफी अविश्वसनीय है।

उनका कहना है कि एक्सोप्लैनेट अपने तारे से दूरी का बारहवां हिस्सा है। WASP-76, दरअसल सूरज है। इसकी वजह से WASP-76 b कुछ असाधारण गुणों से लैस होता है। इस ग्रह को अपने तारे की परिक्रमा करने में 1.8 अर्थ डे का समय लगता है। हालांकि इस ग्रह का द्रव्यमान बृहस्पति के द्रव्यमान का करीब 85 फीसदी है। साथ ही यह सौर मंडल के गैस ग्रहों की चौड़ाई का लगभग दोगुना है।

### बदलाव से गुजरते ग्रह

WASP-76 b हमेशा से ही गहन अध्ययन का विषय रहा है। इसे साल 2013 में वाइड एंगल सर्च फॉर प्लैनेट्स (WASP) कार्यक्रम के हिस्से के रूप में पाया गया था। सबसे आश्चर्यजनक रूप से साल 2020 में इसकी खोज की गई थी। शोधकर्ताओं ने यह भी देखा कि तापमान में बदलाव के साथ रसायन WASP-76 b के ऊपरी वायुमंडल में लगातार स्थानांतरित हो रहे थे। जैसे ही ग्रह अपने तारे के चारों ओर घूमता है, विभिन्न तत्व तापमान में बदलाव का अनुभव करते हैं। ये बदलाव रात और दिन के साथ आते हैं और ग्रह तारे से दूर हो जाते हैं। ये ग्रह इन बदलावों का सामना करते हैं।

## Highlights

1. 8 injured as flyover slab collapses in Hyderabad, video surfaces
2. Who is Joseph Tsai, who has been named as Alibaba's next Chairman ?
3. Looking forward to bringing Starlink to India: Musk after meeting PM Modi
4. Fire breaks out at a college in Mumbai's Kandivali ; video surfaces
5. US President Biden calls Chinese President Xi a 'dictator'
6. Who are the 5 passengers onboard the missing Titanic submarine ?

# 'Was ready for work 24/7': Ex-staffer says Byju's asked him to resign 'immediately'

**NEW DEIHI, (Agency).** A former Byju's employee, who lost his job with the company in an earlier layoff round, has said he was asked by the edtech firm to put in his papers 'immediately' despite being available for work '24/7.'

However, Arpit Singh, who worked as a Retention Manager, described his LinkedIn post as 'not a complaint' because the company helped him when he needed a job.

'Loosing all hopes'

Singh, whose LinkedIn profile shows he began working at the edtech giant in August last year in Noida, began his post by saying he was narrating his ordeal as he had lost all hopes.

"I don't know where it was my fault...I never applied 10 to 8 work culture in my life. I was always available 24/7.... but once they came and told me to resign immediately," he wrote.

"This is not a complaint because...'




His post, however, must not be seen as a 'complaint,' he stressed, adding that this was because last year, Byju's provided him a job when he was in need of one. The company, Singh noted, had a 'very good work culture' and gave him responsibilities 'according to my likeness.'

Defending Byju's further, he said it may have taken the 'harsh decisions' to layoff employees as the organisation itself 'might be in trouble.' Also, this being his maiden job, he said he will always respect his first employer.

'Can't tell my family'

Noting that he entered the private sector because he failed to get employed in the government sector, the former Byju's employee remarked that he cannot his family as its condition is 'not good.' He finally asked his followers and those reading his post to help him get a job.

Fresh layoffs at Byju's

In a fresh round of layoffs, Byju's, meanwhile, handed pink slips to around 1,000 people, reports have emerged. Its overall workforce, however, remains around 50,000 due to addition of new employees, the reports further stated.

# SheAtWork founder Ruby Sinha appointed president of BRICS CCI women vertical

**NEW DEIHI, (Agency).** BRICS Chamber of Commerce and Industry (BRICS CCI) has appointed Ruby Sinha as the president of BRICS CCI WE, the women's vertical of the body, for three years.

An entrepreneur herself, Ruby Sinha is the founder of SheAtWork, a knowledge hub for women entrepreneurs, and Kommune Brand Communications.

BRICS Chamber of Commerce and Industry works towards promoting active trade, commerce and entrepreneurship between the BRICS and other friendly nations.



Announcing the appointment, Dr. B.B.L. Madhukar, Director-General-BRICS CCI said, "We firmly believe that Ruby Sinha's vision, strategic acumen, and dedication will elevate the women's vertical to new heights of success and significantly contribute to the overall objective of the Chamber."

Sinha takes over from Shabana Nasim, who has become the Executive Director of BRICS CCI and Chief Patron of BRICS CCI WE.

"It is an honour for me to come at the helm of affairs of the women's vertical of BRICS CCI at a time when the G20's focus on gender-based digital inclusivity and skilling along with our PM's vision of this decade being a Techade is a prime focus," she said.

BRICS CCI is a parent organisation that promotes commerce and industry in the BRICS and other friendly nations. The chamber, founded in 2012, is a not-for-profit and non-governmental organisation.

Uttarakhand

# हरिद्वार के गंगा घाट से गैर हिंदुओं को भगाने का Video वायरल

**हरिद्वार, (एजेंसी) उत्तराखंड के हरिद्वार से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. जिसमें एक युवक गैर हिंदुओं को गंगा घाट से भगा रहा है. बताया जा रहा है कि ये लोग गंगा घाट घूमने आए थे. पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है.**

यह वीडियो हरिद्वार के प्रसिद्ध महाराजा अग्रसेन घाट का बताया जा रहा है. वीडियो में युवक दूसरे समुदाय के युवक-युवतियों को घाट से बाहर निकालते हुए उन्हें धमका रहा है. यह कहता सुनाई दे रहा है कि गंगा घाटों पर सिर्फ हिंदुओं को आने की अनुमति है.

वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक युवक कुछ गैर हिंदू युवक और युवतियों को घाट से बाहर जाने के लिए धमका रहा है. वह कहता है, यहां सिर्फ हिंदू आ सकता है इसके अलावा कोई नहीं आ सकता. बाहर, जा गेट के बाहर.

हिजाब पहनी लड़की जब इसका विरोध करती है तो उसे भी युवक कहता है कि बाहर जाइये यहां से. बदतमीजी मत करिए यहां से बाहर जाइए. अगर मुझे दोबारा दिख गए तो ठीक नहीं होगा. इसके बाद भगाया गया एक युवक कहता है कि वह हर की पौड़ी पर गाड़ी चलाता है, भगाने वाला युवक का कहना है कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है.



Maharashtra

## पहले पत्नी को उतारा मौत के घाट, फिर कुएं में बच्चों को फेंका

**मुंबई, (एजेंसी)** कलेश एक घर को पूरा बर्बाद कर देती है। इसका जीता जागता उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिला है। यहां के पुणे से एक रौंगटे खड़ी कर देने वाली खबर सामने आई है। एक शख्स ने पत्नी की कलेश के कारण अपने पूरे परिवार की जान ले ली। बाद में, खुद भी आत्महत्या कर ली। बता दें, मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है।

पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के पुणे जिले की दौंड तहसील में मंगलवार को एक पशु चिकित्सक ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। जिले के वरवंड इलाके में हुई इस घटना में मृतकों की पहचान 42 वर्षीय डॉक्टर अतुल दिवेकर, उनकी 39 वर्षीय पत्नी पल्लवी दिवेकर और बच्चों अद्वैत (9) और वेदांती (6) के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अतुल ने घर पर कथित तौर पर पहले अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की। फिर बच्चों को एक कुएं के पास ले गया और उसमें फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि बच्चों को फेंकने के बाद अतुल वापस घर लौट आया और फंदे से लटककर जान दे दी।

पुलिस ने बताया कि मौके पर दंपति फंदे से लटके मिले। वहीं एक सुसाइड नोट भी मिला है।

Jharkhand

## मुर्गे की खातिर हैवान बना मामा, भांजी पर फेंका खौलता हुआ पानी

**गिरिडीह, (एजेंसी)** झारखंड के गिरिडीह में मामा ने महज एक मुर्गे की खातिर भांजी पर गर्म पानी फेंक दिया। घटना में 9 वर्षीय अफसा परवीन बुरी तरह से झुलस गई। अब इस मामले में अफसा के पिता ने साले के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अफसा के पिता का कहना है कि उसके साले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। यह पूरा मामला गिरिडीह जिला के गांडेय थानाक्षेत्र अंतर्गत बड़कीटांड़ गांव का है जहां घरेलु विवाद में मामा ने भांजी पर गर्म पानी फेंक दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जामताड़ा जिला के मुरलीपहरी गांव के रहने वाले वाहिद अंसारी की शादी गिरिडीह के गांडेय थानाक्षेत्र अंतर्गत बड़कीगांव टांड़ में हुई है। शादी के बाद वाहिद ने ससुराल के पास ही जमीन खरीदी और वहीं बस गए। वाहिद का साला अलाउद्दीन उनका पड़ोसी है।

Maharashtra

## केक काटते ही दोस्तों ने किया स्प्रे और फायर गन का इस्तेमाल, जल गया बर्थडे बॉय का चेहरा

**वर्धा, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के वर्धा से एक खौफनाक घटना हुई. जहां एक बर्थडे पार्टी में केक काटते समय स्प्रे और फायर गन का इस्तेमाल किया गया. जिसकी वजह से बर्थडे बॉय बुरी तरह से झुलस गया. तुरंत ही उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि बर्थडे बॉय रितिक के सिर के बाल, कान व नाक झुलस गए. लेकिन वह खतरे से बाहर है. जानकारी के मुताबिक, रितिक अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी कर रहा था, सभी लोग उत्साह में थे. केक काटते समय कोई स्प्रे उड़ा रहा था तो कोई फायर गन चला रहा था. केक काटते ही दोस्तों ने रितिक पर भारी मात्रा में स्प्रे उड़ाया और उसी समय फायर गन से एक चिंगारी उस पर जा गिरी. जिससे आग लग गई और रितिक का चेहरा व बाल झुलस गए. मौके पर मौजूद दोस्तों ने आग को बुझाया और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे. फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई. इस वायरल ब में दिखाई दे रहा है कि बर्थडे पार्टी के दौरान रितिक के दोस्तों के हाथों में फायर गन और स्प्रे है. केक काटते ही सभी दोस्तों ने रितिक पर स्प्रे कर दिया. जिसके बाद अचानक फायरगन की चिंगारी से आग लग गई.

खेल

## आज फुटबॉल में भारत-पाकिस्तान मुकाबला, खिताब की दावेदार टीम इंडिया आठ बार बनी है चैंपियन

**बेंगलुरु, (एजेंसी) इंटरकॉन्टिनेंटल कप में मिली जीत से उत्साहित भारतीय फुटबॉल टीम सैफ चैंपियनशिप 2023 में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। आठ बार के चैंपियन भारत का सामना बुधवार को बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम पर पहले मैच में पाकिस्तान से होगा। यह मैच निर्धारित समय पर होने की उम्मीद है क्योंकि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत का वीजा मिल गया है।**



पाकिस्तानी टीम भारत के लिए बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन भारत का लक्ष्य बड़ी जीत के साथ आगाज करके दूसरी टीमों को कड़ा संदेश देना है। भारत इस टूर्नामेंट में पिछला चैंपियन है जिसने 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में खिताब जीते। मालदीव ने 2008 और 2018 जबकि बांग्लादेश ने 2003 में खिताब जीता था। सैफ टूर्नामेंट जीतने पर भारत को कुछ उपयोगी फीफा रैंकिंग अंक भी मिल जाएंगे। कोच इगोर स्टिमक ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने के बाद कहा था, ''हम इससे बेहतर कर सकते हैं। एक कोच कभी संतुष्ट नहीं होता। हम मेहनत करते रहेंगे और आगे इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।''

भारत ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता था। यह 46 साल में लेबनान पर भारत की पहली जीत थी और भारत के लिए करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने गोल दागा। उनसे सैफ चैंपियनशिप में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। छेत्री 137 मैचों में 87 गोल कर चुके हैं। दो गोल और करने पर वह मलयेशिया के मुख्तार दहारी (89 गोल) को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई फुटबॉलर बन जाएंगे।

### आज के मुकाबले

कुवैत बनाम नेपाल : दोपहर 3.30 बजे से

भारत बनाम पाकिस्तान : शाम 7.30 बजे से

आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया

ग्रुप ए : भारत, नेपाल, कुवैत और पाकिस्तान।

ग्रुप बी : लेबनान, मालदीव, भूटान और बांग्लादेश।

इस मैच को कहां देख सकते हैं?

भारत और पाकिस्तान के बीच इस फुटबॉल मैच का प्रसारण ऑनलाइन प्रसारण फैनकोड एप और वेबसाइट (FanCode) पर होगा।

सिनेमा

## बिपाशा बसु की वजह से करीना कपूर को बॉबी देओल की पत्नी तान्या ने मारा था थप्पड़?



सिनेमाई दुनिया में अक्सर काफी कुछ होता रहता है और कई बार ऐसे में कई गॉसिप्स सामने आती हैं, जो दर्शकों को ग्लैमर वर्ल्ड के लिए एक्साइटिड करती हैं। ऐसा ही एक किस्सा फिल्म अजनबी (Ajnabee) के दौरान का है, जहां कथित तौर पर बॉबी देओल (Bobby Deol) की पत्नी तान्या देओल (Tanya Deol) ने करीना कपूर (Kareena Kapoor) को थप्पड़ रसीद दिया था, हालांकि कहा जाता है कि ऐसा हुआ या नहीं, इस बारे में पुख्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता है। लेकिन क्या थी गॉसिप, इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं।

दरअसल ये पूरा मामला फिल्म अजनबी के दौरान का बताया जाता है। अजनबी, साल 2001 में रिलीज हुई थी और फिल्म में करीना कपूर, अक्षय कुमार, बॉबी देओल और बिपाशा बसु लीड रोल में थे। उस वक्त बिपाशा की सिनेमाई दुनिया में शुरुआत थी और ऐसे में बॉबी देओल की पत्नी तान्या देओल ने उनकी मदद करने की ठानी। तान्या, फिल्म अजनबी में बिपाशा के कपड़ों में मदद करती थीं। हालांकि कहा जाता है कि ये बात करीना की मां बबीता को पसंद नहीं आई और उन्होंने तान्या को इस बात के लिए डांट लगाई।

# जनसुनवाई से लौटकर बनाया वीडियो और दंपत्ति ने खा लिया जहर

## पत्नी की मौत, पति गंभीर, संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी इलाके में रहने वाले एक दंपती ने संपत्ति विवाद में जहर पी लिया। इसमें पत्नी की मौत हो गई जबकि पति का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहर खाने से पहले दोनों जनसुनवाई में पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपर कलेक्टर के सामने जान देने की बात कही थी। सुसाइड से पहले दोनों ने एक वीडियो भी बनाया था।**

घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस के मुताबिक कुंदन नगर में रहने वाले हेमंत ढोलिया (35) और उसकी पत्नी पूजा (30) को जेठ जितेश एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। उन्होंने ही डॉक्टरों को बताया कि दोनों ने जहर खा लिया है। जहर खाने से पहले दोनों ने एक वीडियो बनाया था। इसमें वे कह रहे हैं कि मकान को लेकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। दो बेटियों के चलते उन्हें ज्यादा प्रताड़ित होना पड़ता है।

वायरल वीडियो में पत्नी पूजा कमरे के कोने में अचेत अवस्था में बैठी है। पति हेमंत सेल्फी मोड पर वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है। उसमें हेमंत कह रहा है कि 'सुसाइड कर रहे हैं हम दोनों, (पत्नी की ओर दिखाते हुए) पत्नी और मैं दोनों। (इसके बाद कुछ पाउच दिखाते हुए) ये दवा हमने पी ली है। मेरे मां-बाप और मेरे भाई ने हमें बहुत परेशान कर रखा है। और हमारी दो बेटियां होने के बावजूद हमें कहते हैं कि इस घर से निकलो। क्या दो लडक़ी के बाद पत्नी का ऑपरेशन करा देना क्या गुना है? इसलिए हम मर रहे हैं, सुसाइड कर रहे हैं। (हेमंत-पूजा दोनों कहते हैं) इन दोनों को कड़ी से कड़ी सजा देना। आज हम कलेक्टर ऑफिस गए थे। वहां हमें अडरा-चमकाकर बाहर कहा तुम बाहर निकलो, आगे की कार्रवाई मैं करता हूं। इसलिए वहां से घर आकर हम सुसाइड कर रहे हैं। (पत्नी की ओर इशारा करते हुए) ये मेरी पत्नी है। इसके बाद हेमंत ने जहरीली दवा का पाउच खोला और गिलास में डाल दिया। इसी दौरान एक फोन भी आया पर उसे दोनों ने रिसीव नहीं किया। दूसरे वीडियो में जितेश अपने मां-बाप और भाई को सजा दिलाने की बात कह रहे हैं।

### जनसुनवाई में दी थी धमकी

परिवार के लोगों के मुताबिक हेमंत और जितेश एक ही घर में ऊपर नीचे रहते हैं। यह घर दोनों के पिता ने बनाया था। इसमें जितेश पार्टीशन करना चाहते थे। हेमंत इस बात को लेकर राजी नहीं था। इस मामले में हेमंत ने जनसुनवाई में शिकायत की थी। मंगलवार को जितेश के परिवार को भी वहां बुलाया गया था। अपर कलेक्टर ने आपसी सहमति से मामले को निपटाने की बात कही थी। लेकिन हेमंत की पत्नी पूजा ने वही धमकी दी कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिलेगा तो वह जहर खा लेंगे। इसके बाद दोनों घर पहुंचे ओर इस तरह का कदम उठा लिया।

### स्वास्थ्य विभाग में मेल नर्स

हेमंत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है। वह अहीरखेडी में मेल नर्स के पद पर कार्यरत है। हेमंत के परिवार में उसकी 6 और 3 साल की दो बेटियां है। वहीं पूजा का मायका टिमरनी का है। जितेश एनजीओ का काम करते हैं। इनके पिता पहले टीचर थे जो अब रिटायर्ड हो चुके हैं। पहले वह परिवार के साथ ग्राम चदंलपुर में रहते थे। बताया जाता है कि रात में हेमंत की दोनों बच्चियों को उसके नाना-नानी अपने साथ ले गए।

# मंदिर से दानपेटी चोरी करने वाले जीजा-साले पकड़ाए

## ● कालोनियो में रंगाई पुताई का काम करने के बहाने सूने मंदिर व मकानो की रैकी करते थे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। थाना भँवरकुआं द्वारा मंदिर में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पकड़ा गया है। कृष्णोदय नगर खण्डवा नाका इन्दौर के अध्यक्ष राजेश हरेल के व्दारा कलोनी परिसर स्थित श्रीरामकृष्ण मंदिर दानपेटी चोरी होने की रिपोर्ट किया।**

पुलिस टीम व्दारा घटना स्थल के आने जाने के रास्तो में लगे सीसीटीव्ही कैमरो की फुटैज को खंगाला जिसमें बदमाशो की पहचान रवि उपाध्याय व सन्नी सावले के रुप में हुई। जो आपस में जीजा व साले हैं। पकडे गये बदमाशो से विस्तृत पूछताछ करते पता चला की बदमाश कालोनियो में रंगाई पुताई के काम करने के बहाने रैकी कर घटनाओ को अंजाम देते थे। दोनों आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति के हैं जिनमें से बदमाश रवि के विरुद्ध पूर्व में 3 अपराध जहरिली शराब व चोरो की टोली में शामिल होने के दर्ज तथा सन्नी के विरुद्ध पूर्व में लडाई झगडा व मारपीट करने के 2 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर,बदमाशो से कालोनी के मंदिर से चोरी की दानपेटी अन्य सामान जप्त किया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसे में छात्र की मौत

## ट्रैक्टर ट्राली अचानक रूकी, बाइक सहित टकराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खजराना इलाके में मंगलवार को सडक़ हादसे में एक सीए के स्टूडेंट की मौत हो गई। वह एग्जाम देने घर से बाइक से निकला था। रास्ते में एक ट्रेक्टर ट्राली वाले की लापरवाही से उनकी जान चली गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस के मुताबिक कुलदीप पुत्र कमल राठौर निवासी निपानिया अपनी बाइक से विजय नगर इलाके में सीए की एग्जाम देने जा रहा था। इस दौरान रोबोट चौराहे के पास पेट्रोल पंप के नजदीक कुलदीप के आगे एक ट्रैक्टर ट्राली चल रही थी। ट्राली ने कुलदीप को चपेट में ले लिया। ट्रैक्टर चालक ने एकाएक ब्रेक लगा दिए। इससे कुलदीप बाइक सहित ट्राली में जा घुसा। राहगीरों ने उसे निकालकर एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा। यहां उपचार के दौरान कुलदीप की मौत हो गई। कुलदीप के पिता पेशे से किसान हैं। वह अपने पिता के काम में हाथ बंटाते थे। कुलदीप की शादी हो चुकी थी। उनके परिवार में दो साल का बेटा ओर तीन साल की एक बेटी है। पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है।

# महिला को लगा करंट, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मल्हारगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचा जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मल्हारगंज थाना क्षेत्र के रामबली नगर में रनहे वाली भाग्यश्री ठाकुर अपने घर में पोछा लगा रही थी उसी दौरान कूलर हटाने के दौरान उसे करंट लग गया जिससे वह वहीं पर अचेत हो गई पति उसे अश्पताल लेकर पहुंचा जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लाखों का पान मसाला चोरी में चार धराए

## ● लोडिंग वाहन सहित आरोपियों के कब्जे से 8 लाख का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। पुलिस ने गोडाउन से लाखों रूपए का मान मसाला चुराने के मामले में चार बदमाशों को पकड़ा और उनके कब्जे से लोडिंग वाहन सहित चोरी का माल बरामद किया।

कौशल्यापुरी चितावद इन्दौर स्थित पान मसाला व्यवसायी रणजीत पाटीदार पिता परसराम पाटीदार के गोडाऊन से पान मसाला चोरी होने की रिपोर्ट पुलिस थाना भँवरकुआं इन्दौर पर की थी। पुलिस टीम व्दारा घटना स्थल के आने जाने के रास्तो में लगे लगभग 150 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरो की फुटैज को खंगाला। घटना में आये हुलिये के बदमाश संदिग्धो की पहचान कर बदमाशो को पकड़ा गया। बदमाशो की पहचान कपिल पाल, सोनु सिंह कुशवाह, भरत लोधी तथा शिशुपाल पाल के रुप में हुई। पकडे गये बदमाशो से विस्तृत पूछताछ करते फरियादी के गोडाऊन से चोरी कर ले गये पान मसाला के कार्टून कुल कीमती लगभग 8 लाख रुपये मश्रूका जप्त किया गया। पुलिस द्वारा चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा आरोपियों से उक्त घटना के अलावा अन्य वारदातो के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### सेंट्रल मॉल में लगी आग

**इंदौर**। रीगल तिराहे पर सेंट्रल मॉल में बुधवार सुबह आग लग गई। आग का धुआं पूरी बिल्डिंग में फैल गया। इस वजह से अफरा-तफरी मच गई। चूंकि सुबह के समय केवल स्टाफ मौजूद था, इस वजह से तेजी से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। स्टाफ ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाडियां पहुंची और मशक्कत के बाद आग बुझाई।

### शराबी पति ने पीटा

**इंदौर**। पुलिस के मुताबिक पीडिता काजल पति राजकुमार मोनिया निवासी राऊ की रिपोर्ट पर इसके पति राजकुमार पर केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति राज कुमार शराब पीने का आदी है और आए दिन छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़ा करता है। उसने मामूली बातों को लेकर झगड़ा किया और बोला कि मोबाइल पर 'यादा बातें क्यों करती हो पति ने गालियां दी और मारपीट की। इससे कान के पीछे चोट आई। मारपीट के बाद पति घर से जाते जाते बोला कि रिपोर्ट मत करना वरना जान से खत्म कर दूंगा।

# मजदूर की उंगलियां कटी, दो पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। फैक्ट्री में काम के दौरान मैनेजर और सुपरवाइजर की लापरवाही से एक मजदूर के हाथ की अंगुलियां कट गई। सांवेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला इमलीखेड़ा रोड स्थित केमको खालसा कंपनी का है यंहा मैनेजर विजय कुमार और सुपरवाइजर सुमित ने चाकलेट फैक्ट्री में मिक्सर मशीन के आपरेटर की अनुपस्थिति में कंपनी में मजदूरी कनरे वाले गणेश अहिरवार निवासी साईं विहार कालोनी को उक्त मिक्सर मशीन चलाने के लिए कहा बगैर किसी सुरक्षा साधन के मिक्सर मशीन चाल रहे गणेश का हाथ उक्त मशीन में आ गया जिससे उसकी तीन अंगुलियां कट गई और वह घायल हो गया पुलिस ने जांच के बाद सुपरवाइजर और मैनेजर पर केस दर्ज किया है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।